nandgaon times feb-10-2.qxd 2/9/2026 11:58 PM Page 1

नन्हे सितारे कार्यक्रम का समापन... पृष्ठ 2 | 13 विषयो पर आहुत नगर निगम... पृष्ठ 3

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 10 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 119, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

भारत की संस्कृति का आभूषण है बस्तर - अमित शाह

बस्तर की संस्कृति को नए प्राण देने का कार्य कर रही छत्तीसगढ़ सरकार, पांच साल में विकसित बनेगा बस्तर,बस्तर पंडुम के विजेताओं को किया गया सम्मानित

रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर भारत की संस्कृति का आभूषण है। बस्तर पण्डुम के माध्यम से यहां की संस्कृति और गौरवशाली परंपरा को छत्तीसगढ़ सरकार ने नए प्राण देने का काम किया। बस्तर पंडुम 2026 के सभी विजेताओं को केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मानित किया। केंद्रीय गृहमंत्री ने बताया कि इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले लोक कलाकारों को राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया जाएगा, जहां उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने और सहभोज करने का अवसर भी मिलेगा।

बस्तर पंडुम के विजेताओं को किया गया सम्मानित

केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने जनजातीय कला एवं संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन तथा जनजातीय प्रकृति व परंपरा का उत्सव बस्तर पण्डुम के तीन दिवसीय संभाग स्तरीय आयोजन के समापन अवसर पर आज जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग के 07 जिले के 32 जनपद पंचायतों और 1885 ग्राम पंचायतों के 53 हजार से अधिक लोक कलाकारों ने 12 विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन्हीं लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य बस्तर पण्डुम 2026 के माध्यम से राज्य की सरकार द्वारा किया जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि बस्तर जैसी संस्कृति विश्व के किसी देश में नहीं है और इसे प्रभु श्री राम के समय से संजोकर यहां के लोगों ने अक्षुण्ण बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के 700 से अधिक जनजातियों की आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक विरासतों को पुनर्जीवित करने धरती आबा योजना और पीएम जनमन योजना जैसी अनेक योजनाएं लागू की। श्री शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हमारी लड़ाई किसी से नहीं बल्कि यहां की भोली-भाली आदिवासी जनता को सुरक्षा देना है। माओवाद उन्मूलन की समय सीमा अभी भी वही है। जवानों के अदम्य साहस और बहादुरी से 31 मार्च 2026 तक हो माओवाद को घुटने टेकने पड़ेंगे। उन्होंने प्रदेश में संचालित की जा रही नक्सल पुनर्वास नीति की सराहना करते हुए कहा कि पुनर्वास केंद्रों में उन्हें रोजगारमूलक और सृजनात्मक गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के तहत प्रदेश सरकार लगातार माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में रोडमैप तैयार कर सड़क, पुल पुलिया, मोबाईल टॉवर स्थापित करने के साथ-साथ राशन वितरण, शुद्ध पेयजल, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बना रही है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि बस्तर संभाग के माओवाद प्रभावित गांवों में लाल आतंक के चलते विकास से कोसों दूर थे, वहां के 40 गांवों में स्कूल फिर से खोले गए।

अब वहां गोलियों की आवाज की जगह स्कूल की घंटियां सुनाई देती हैं। श्री शाह ने मंच से जानकारी दी कि बस्तर जिले में 118 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाएगा तथा पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले में 02 लाख 75 हजार एकड़ में सिंचाई के लिए 220 मेगावॉट बिजली उत्पादन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। वहीं दूरस्थ अंचलों को मुख्यालयों से जोड़ने के लिए रेल परियोजनाओं और नदी जोड़ो परियोजना को विस्तार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तर पंडुम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि माता दंतेश्वरी से ही बस्तर की पहचान है।

राजनांदगांव के जनहित मुद्दों को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज से सीधी बात

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री भागवत साहू के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज से रायपुर के देवेन्द्र नगर स्थित निवास में मुलाकात कर राजनांदगांव जिले की बदहाल स्थिति और जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से रखा। इस दौरान इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 41 के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री राजेश कुमार चंपू की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि भाजपा शासन में राजनांदगांव की उपेक्षा लगातार बढ़ती जा रही है और जनता बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने जिले की वास्तविक स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कांग्रेसजनों को जनता की आवाज बनकर सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही जनता के अधिकारों की सच्ची लड़ाई लड़ रही है और आने वाले समय में जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू एवं पूर्व पार्षद चंपू ने की श्री बैज से मुलाकात

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
कमलपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) | मो.- 9301033013, 9752899208
ओ.पी.डी. रेफार
विवरण | समय
मेडिसिन विभाग | 9:00 बजे से 3:00 बजे तक
शिशु रोग विभाग | 9:00 बजे से 10:00 बजे तक, 1:00 बजे से 2:00 बजे तक
सर्जरी रोग विभाग | अपॉइंटमेंट 11:00 बजे से 2:00 बजे तक
नाक कान गला रोग विभाग | 11:00 बजे से 2:00 बजे तक
यूरोलॉजी विभाग | 11:00 बजे से 1:00 बजे तक
न्यूरोलॉजी विभाग | प्रत्येक गुरुवार शाम 5:00 बजे, 12.00 व मंगलवार अपॉइंटमेंट 3:00 बजे
महिला रोग विभाग | 11:00 बजे से 2:00 बजे तक
ऑर्थोपेडिक विभाग | 11:00 बजे से 1:00 बजे तक
नेत्र रोग विभाग | 10.00 बजे से 2:00 बजे तक
अस्थमा एवं एलर्जी विभाग | 1:00 बजे से 2:00 बजे तक
शिशु रोग एवं सर्जरी विभाग | आवश्यकतानुसार
अग्रिम पंजीयन नंबर - 7772032888

स्वयं- भू- शिव लिंगेश्वर भांठागांव में, महाशिवरात्रि पर मेला - मंडई का रहेगा माहौल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर उत्तर दिशा में ग्राम गट्टुला - भेड़ीकला समीप स्थित ग्राम भांठागाव में जमीन फोड़ प्रकट हुए स्वयं -भू- लिंगेश्वर में 15 फरवरी महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य अनुष्ठानिक आयोजन , भजन -पूजन, शिव रुद्राभिषेक आदि का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है।भगवान स्वयं - भू-लिंगेश्वर मंदिर समिति के नरोत्तम साहू ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम भांठागांव में भगवान स्वयं - भू- शिव लिंगेश्वर का दर्शन करने श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ती है ग्राम भांठा गांव में मेला- मंडई जैसा माहौल बना रहता है। मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन सुबह वेद मंत्रो के बीच भगवान शिव लिंगेश्वर का रुद्राभिषेक, शिव स्त्रोत, शिव चालीसा का पाठ, शिव पंचायत पूजा, महामृत्युंजय मंत्र का जाप आदि के साथ रायपुर की हरिहर रामायण समिति की संगीतमयी रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। बताया गया कि आज से लगभग 10 साल पहले धरती फोड़ प्रकट हुए भगवान श्री स्वयं- भू- लिंगेश्वर का पिंड दिनों-दिन आकार बढ़ते जा रहा है जिसमें नाग सर्प हमेशा लिपटे रहते हैं।

मंदिर में शिव रुद्राभिषेक , शिव पूजन सहित रामायण पाठ व होंगे अन्य अनुष्ठानिक आयोजन

स्पंदित होते हैं भगवान स्वयं -भू- शिव लिंगेश्वर

बताया जाता है कि दिव्य चक्षु चेतना वाली साध्वी मुन्नी माता ने उक्त स्वयं -भू- लिंगेश्वर को दोनों हाथ से स्पर्श कर मनुष्य के हृदय जैसे धड़कन महसूस की। उस दिन से भगवान शिव लिंगेश्वर का स्पर्श कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। भगवान स्वयं -भू-लिंगेश्वर पर आस्था रखने वाले शिव भक्त अनिल श्रीवास्तव, चिरंजीव सिन्हा,विकास पांडेय,नंद किशोर डडसेना, आदित्य शर्मा, अरुण दामले, श्रीमती अर्चना देवी, सुनीता ,माधवी, पुष्पा देवी आदि ने महाशिवरात्रि अवसर पर ग्राम भांठागांव पधार कर सभी शिव भक्तों को भगवान स्वयं -भू- शिव लिंगेश्वर का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। उक्त जानकारी मंदिर समिति के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

गजानन महाराज प्रगट उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया

भिलाई नगर (नांदगांव टाइम्स)। संत गजानन मंदिर में आज श्री गजानन महाराज प्रगट उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन श्री श्रद्धा सुमन साईबाबा मंदिर, हाउसिंग बोर्ड भारती विशाल देशमुख परिवार के द्वारा श्री गजानन महाराज के द्वारा मंदिर प्रातः जलाभिषेक, फूल-माला, चंदन, धूप, मूर्ति-पूजन, भजन एवं कीर्तन के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। शुक्रवार को श्री संत गजानन मंदिर में पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों एवं भक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला चली। महिला मंडल द्वारा सुंदर गजानन महाराज भजन-गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें च्छ्री गजानन जय गजाननज्ञ जैसे भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए गए। सुबह से रात तक चले जलाभिषेक, ग्रंथ पाठ, आरती, पूजन और कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। प्रातः 6 बजे महाराज का विधिवत जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात विजय ग्रंथ का श्रद्धापूर्वक पठन हुआ। श्री गजानन ग्रंथ पाठ उषा क्षीरसागर पाठ करणे से सभी कार्य सिद्ध हो जाते है जय गजानन श्री गजानन मंत्र का जप करना चाहिए सभी गजानन भक्तजन को इसके उपरांत भगवान की आरती एवं पूजा संपन्न हुई। सुबह 10 बजे भगवान गणेश को समर्पित अर्थवशीर्ष का सामूहिक पाठ

भक्तों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख जजमान के रूप में श्री काकाजी शोभा गुज्जर परिवार ने हवन पूजन विधि-विधान से पूजा मंदिर के पंडित के द्वारा पूजा कथा पुराण संपन्न कराई। दोपहर 12:30 बजे आरती के पश्चात भावपूर्ण एवं सारगर्भित महिला मंडळ हाऊसिंग बोर्ड सुंदर भजन कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने श्रोताओं का मन मोह लिया और मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया।

चिप्स-एसटीपीआई एमओयू से आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स को बढ़ावा

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को नई गति देने के लिए चिप्स छत्तीसगढ़ और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के बीच 10 फरवरी को महत्वपूर्ण एमओयू होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास में सुबह 10.30 बजे होने वाले इस समझौते के तहत राज्य में सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप (सीओई) और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड डेवलपमेंट (ईएसडीडी) सेंटर की स्थापना की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को आईटी, स्टार्ट-अप और उभरती तकनीकों का मजबूत केंद्र बनाना है। प्रस्तावित सीओई के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेडटेक, स्मार्ट सिटी और स्मार्ट कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। वहीं ईएसडीडी सेंटर हर वर्ष लगभग 30-40 हार्डवेयर स्टार्ट-अप और एमएसएमई को प्रोडक्ट डिजाइन, प्रोटोटाइपिंग व कौशल विकास की सुविधा उपलब्ध कराएगा। सरकार का मानना है कि इस समझौते से प्रदेश के युवाओं को उच्च कौशल आधारित रोजगार, इनक्यूबेशन, मेंटरशिप और फंडिंग जैसी सुविधाएं राज्य के भीतर ही मिल सकेंगी, जिससे महानगरों की ओर पलायन भी घटेगा। एसटीपीआई देशभर में आईटी और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को मजबूत करने वाली अग्रणी संस्था है, जिसके साथ यह साझेदारी छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

33 वां अन्तराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में सम्मिलित हुये देश - विदेश के सैकड़ो बौद्ध धम्म गुरू

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में 6 फरवरी को 33 वां अनराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का भव्य आयोजन प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया , जिसमें देश - विदेश से सैकड़ो की संख्या में बौद्ध धम्म गुरू कार्यक्रम में सम्मिलित हुये , धम्म सेना नायक नागार्जुन सुरई ससई भंते जी की अगुवाई में सुबह 11 बजे नागसेन बौद्ध विहार में पूजा अर्चना के पश्चात धम्म गुरूओ द्वारा रैली के माध्यम से बुद्धम सरणम् गच्छामी के धून में प्रज्ञागिरी तीर्थ पहुंचे, जहां मार्ग के दौरान मिले बुद्ध विहारो में भी वंदना की गई , रैली के दौरान छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को संजोए हुये आदिवासी नृत्य ने दर्शको का मनमोह लिया , सुरई ससई भंते एवं जापान, थाईलैंड, बर्मा,लाओस से आये धम्म गुरूओं का प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति की महिला मंडल द्वारा फूलो से भव्य स्वागत किया गया, तत्पश्चात प्रज्ञागिरी तीर्थ पर्वत पर स्थित भगवान बुद्ध की 30 फूट की विशालकाय प्रतिमा के समक्ष धम्म गुरूओ द्वारा जापानी, तिब्बती, पाली व अन्य भाषाओ में सामुहिक वंदना व परित्राण पाठ किया गया जो पूरे कार्यक्रम के दौरान चर्चा का विषय रहा। नीचे कार्यक्रम स्थल पर भगवान बुद्ध व बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर जी के छायाचित्र पर सभी धम्मगुरूओ एवं अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर मोमबत्ती प्रज्जवलित की गई तत्पश्चात ट्रस्ट के सदस्यो एवं महिला मंडल द्वारा अतिथियो का स्वागत किया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जापान के प्रमुख धम्म गुरू रशोगिन ओकाज़ाकी ने जापानी भाषा में भगवान बुद्ध को विश्व का दीपक (रोशनी) कहा जिससे हर मनुष्य के जीवन में प्रकाश होता है जिसने भी भगवान बुद्ध के मार्ग को अपनाया है उसका जीवन सुखमय व आनंदित हुआ है उन्होने कहां कि भगवान बुद्ध का मार्ग मध्यम है इसलिए इसे अपनाना बहुत आसान है आज विश्व के जापान,श्रीलंका, लाओस, नेपाल,भूटान,म्यामार,चीन,कंबोडिया, थाईलैंड, वियतनाम सहित अन्य देशो ने भगवान बुद्ध के मार्ग को अपनाया है , धम्मसेना नायक सूरई ससई भंते जी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि भारत में बौद्ध धम्म को लाने और उसको बढ़ाने का श्रेय बाबा साहेब आम्बेडकर जी को जाता है उन्होने ही बौद्ध धम्म को भारत में फैलाया है। इस कार्यक्रम को अन्य देश से आये बौद्ध धम्म गुरूओ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का आभार प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री विनोद खांडेकर ने किया तथा कहा कि यह आयोजन हमेशा के लिए यादगार रहेगा देश - विदेश से आये धम्म गुरूओ का मार्गदर्शन हमें मिला है हम अभिभूत है हमनें सोचा नही था कि यह आयोजन इतना भव्य होगा लेकिन ट्रस्ट समिति के साथी प्रज्ञागिरी निर्माण एवं विकास समिति के साथी तथा महिला मंडल के एवं छत्तीसगढ़ प्रशासन , पुलिस प्रशासन व आम जनता के सहयोग से ही यह कार्यक्रम सफल हुआ है मैं आप सबका धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और आपको बताना चाहता हूं कि प्रज्ञागिरी पर्वत में शासन के सहयोग से कैफ्टेरिया,मेडिटेशन हॉल, सौर ऊर्जा सहित अन्य कार्य लगभग पूरे हो चुके है और जल्द करोड़ो की लागत से बनने जा रही सड़क का भूमि पूजन होने वाला है जो प्रज्ञागिरी के लिए एक अद्भुत प्रयास होगा जिससे प्रज्ञागिरी के विकास को गति मिलेगी । कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र बोरकर एवं राकेश भवते ने किया , इस कार्यक्रम में भंते कुमार कश्यप , पीरापोल चंथेप, पेंग्कोटकेओ, वॉगविला यथोंग, सहित अन्य धम्म गुरूओ का रायपुर के एयरपोर्ट पर छत्तीसगढ़ सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने भव्य स्वागत किया तथा उन्हे सम्मानपूर्वक व पूरी सुरक्षा के साथ डोंगरगढ़ प्रज्ञागिरी तीर्थ पर्वत तक पहुंचाया इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल उनकी सुरक्षा के लिये तैनात थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शको का मनमोह लिया 33 वां अंतराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में इस वर्ष सारे रिकार्ड टूट गये लाखो की संख्या में बौद्ध धम्म को मानने वाले अनुनाईयो की भीड़ देखने लायक थी , ट्रस्ट ने पहले से ही पूरी व्यवस्था कर ली थी इसलिए कार्यक्रम शांति पूर्वक समन्न हुआ, कार्यक्रम में नागपुर के कलाकारो की कला की चर्चा चारो तरफ हुई उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगो का दिल जीत लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अद्भुत थी लोगो ने कलाकारो की बहुत प्रशसना की, । गढ़पायले परिवार ने किया भोजन दान देश - विदेश से आये सैकड़ो धम्म गुरूओ के लिए गरीबदास गढ़पायले ने भोजन दान किया जो कि बौद्ध ग्रंथो के अनुसार धम्म गुरूओ को भोजन दान करने का अपना अलग महत्व है इसलिए यह खास है , पूरे आयोजन में बाहर से आये अन्य लोगो ने भी पंडाल लगाकर लोगो को नि:शुल्क भोजन कराया तथा कुछ लोगो ने नाश्ता तो कुछ लोगो ने पानी की बोतले बांटी इस प्रकार लोगो की आस्था देखने को मिली , सारे धर्मो को मानने वाले लोगो ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

अलग - अलग भाषाओ में हुई बौद्ध वंदना

प्रज्ञागिरी तीर्थ है, बौद्ध धम्म प्रचार - प्रसार का केन्द्र - विनोद खांडेकर

nandgaon times feb-10-2.qxd 2/9/2026 11:58 PM Page 2

नन्हे सितारे कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नन्हे सितारे कार्यक्रम का समापन समारोह डॉ. बल्देवप्रसार मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव के सभागार में बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन राजनांदगांव, एचएसबीसी तथा ओपन लिंक्स फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे ने कहा कि नन्हे सितारे कार्यक्रम जिला के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक नई छलांग की पहली सीढ़ी है। श्री सतीश ब्यौहारे ने उपस्थित शिक्षकों एवं अधिकारियों से अपील की कि वे विनोबा प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यालयों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों को साझा करें और टीम विनोबा को बधाई दी। उन्होंने कहा हमारे कई शिक्षक पहले से ही उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपने विद्यार्थियों को तैयार करने में कड़ी मेहनत की है और उन्हें नन्हे सितारे के पहचान तक पहुंचाया है। हमने पहला कदम उठा लिया है और निश्चित रूप से जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होगा। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में ओपन लिंक्स फाउंडेशन की विनोबा टीम के निरंतर और नवाचारी योगदान की भी सराहना की। ओपन लिंक्स फाउंडेशन के डिवीजन मैनेजर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हो सका है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। नन्हे सितारे पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के भाषा कौशल को मजबूत करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराना है। 15 दिसंबर से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम को जिले भर के प्राथमिक विद्यालयों से व्यापक प्रतिसाद मिला। विद्यालय एवं क्लॉक स्तर की प्रतियोगिताओं के पश्चात कुल 132 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय फायनल के लिए किया गया, जहाँ उन्होंने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा एवं साहित्य क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। निर्णायकों में प्रणीता शर्मा, कामनी साहू, प्राचार्य वीरेन्द्र कुमार दुबे, प्राचार्य डॉ. मोनशी वर्गीस, सुरेश साहू, रूपेश ठाकुर तथा राहुल देव श्यामकुंवर शामिल रहे। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 3, 4 से 5 और 6 से 8 समूहों के अंतर्गत चार प्रमुख स्पोकन इंग्लिश, स्टोरीटेलिंग, पोएट्री रिसायटेशन तथा स्पेलिंग बी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विजेताओं की घोषणा विभिन्न श्रेणियों में की गई। स्पोकन इंग्लिश में अपने-अपने समूहों में निशिता उइके, तमन्ना साहू और हर्ष ठाकुर प्रथम स्थान पर रहे, जबकि वीरा कोठारी, पियाल साहू और गायत्री साहू द्वितीय तथा तरणी निर्मलकर, याह्वी मेश्राम और अनुराग साहू तृतीय स्थान पर रहे। स्टोरीटेलिंग प्रतियोगिता में धानी निषाद, आदित्य वर्मा और रूबी प्रथम रहे, जबकि अद्भुत दिव्यांशी साहू, हुलसी वर्मा और नेहा कुंजाम द्वितीय तथा ईश्वर कुम्भलकर, मानसी वर्मा और कामिनी साहू तृतीय स्थान पर रहे। पोएट्री रिसिटेशन में अरविंद सिन्हा, तिंजल साहू और प्रिया यादव प्रथम स्थान पर रहे, जबकि उर्वशी साहू, संध्या निषाद और डेमिन मानिकपुरी द्वितीय तथा वामिका कालो, प्रीति साहू और चंचल साहू तृतीय स्थान पर रहीं। स्पेलिंग बी प्रतियोगिता (कक्षा 4 से 5 एवं 6 से 8) में रतिश देवांगन एवं तानिया देवांगन प्रथम, ईशानी बागड़े एवं ऋद्धि साहू द्वितीय तथा देवाशीष प्रधान एवं नेमिका साहू तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम मैनेजर तुषार साहू एवं प्रोजेक्ट ऑफिसर नरेंद्र साहू द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ की संपूर्ण टीम ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नन्हे सितारे प्रतियोगिता का आयोजन वर्तमान में राजनांदगांव जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षकों को सशक्त बनाना एवं नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देना है। राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों के 1336 शासकीय विद्यालयों में विनोबा कार्यक्रम सक्रिय है, जिसके माध्यम से 5536 शिक्षक और लगभग 1,30,000 विद्यार्थी विभिन्न शैक्षणिक पहलों जैसे जेएनवी एवं एनएमएमएसई अभ्यास परीक्षण, पोलस्टार कार्यक्रम तथा क्लब गतिविधियों से लाभान्वित हो रहे हैं।

बच्चों को मिला अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच

दूरदर्शन पर कल से होगा रायपुर साहित्य महोत्सव का प्रसारण

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नादगाव टाइम्स)। रायपुर साहित्य महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का दूरदर्शन पर प्रसारण कल 10 फरवरी से प्रारंभ होगा। यह विशेष कार्यक्रम च्साहित्य पर्वज् शीर्षक से दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण 10, 12, 15, 17, 19 एवं 22 फरवरी को शाम 3.30 बजे किया जाएगा। दर्शक इस कार्यक्रम को टाटा प्ले चैनल नंबर 1174, डीडी प्री डिश तथा डीडी छत्तीसगढ़ चैनल पर पूरे देश में देख सकेंगे। इसके अलावा यह कार्यक्रम डीडी छत्तीसगढ़ के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगा। मोबाइल उपयोगकर्ता इसे एप के माध्यम से भी देख सकते हैं, जिसे एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। च्साहित्य पर्वज् का निर्माण जनसंपर्क विभाग के सहयोग से इरा फिल्म्स द्वारा किया गया है। इस प्रसारण के माध्यम से रायपुर साहित्य महोत्सव के प्रमुख सत्रों, चर्चाओं और साहित्यिक प्रस्तुतियों को देशभर के दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

राम चरित मानस मनुष्य जीवन के लिए प्रेरणास्रोत : विधायक भोलाराम साहू

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम उमरवाही, विकासखंड छुरिया, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में आयोजित दो दिवसीय सस्वर मानस गायन महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय श्री भोलाराम साहू जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान धर्ममंच पर विराजमान अतिथियों के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुजनों ने सस्वर मानस गायन का भावविभोर होकर आनंद लिया। मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुत चौपाइयों एवं दोहों से संपूर्ण ग्राम भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक श्री भोलाराम साहू जी ने कहा कि राम चरित मानस मनुष्य जीवन के लिए अनुकरणीय ग्रंथ है, जो हमें सत्य, मर्यादा, सेवा, त्याग और कर्तव्य का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों का संचार होता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। विधायक जी ने श्रीराम चरित मानस समिति एवं ग्राम उमरवाही के समस्त ग्रामवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

शुभांक
1-2-3
458-7 250-7
भाग्यांक
378-8 778-2

मानस महोत्सव में प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यबोध का ज्ञान होता है : कुलबीर

धामनसरा में दो दिवसीय मानस गान एवं टीका महोत्सव का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम धामनसरा में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में 07 व 08 फरवरी को दो दिवसीय मानस गान एवं टीका महोत्सव का आयोजन बड़े ही भूमधाम से किया गया। महोत्सव में अंचल के प्रसिद्ध मानस गायक एवं विद्वान वक्ताओं ने श्रीरामचरितमानस के सुंदर प्रसंगों का सस्वर गान एवं भावपूर्ण टीका प्रस्तुत किया। महोत्सव के द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी व पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए। आज के भौतिकवादी युग में ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है पर बल देते हुए मुख्य अतिथि की आंसदी से समारोह को संबोधित करते हुए कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि जो समाज को संस्कार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। मानस में वर्णित आदर्श पारिवारिक, सामाजिक और मानवीय मूल्यों को यदि हम अपने जीवन में उतार लें, तो समाज की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है। श्री छाबड़ा ने मानस गायक एवं टीकाकारों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सस्वर प्रस्तुति और सरल व्याख्या से श्रोताओं को मानस के गूढ़ रहस्यों को समझने का अवसर मिला। उन्होंने युवाओं से भी आग्रह किया कि वे ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़कर अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाएं। श्री छाबड़ा ने आयोजन समिति को इस भव्य और आध्यात्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि रामभक्ति से ओतप्रोत भजनों और चौपाइयों ने श्रोतासमाज को भाव-विभोर कर दिया। इन मानस मंडलियों द्वारा जीवन में मर्यादा, सत्य, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए गूढ़ अर्थों को सरल भाषा में समझाया जा रहा है। श्रीरामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण कला है। मानस गान और टीका के माध्यम से हमें प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यबोध से प्रेरणा मिलती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र वैष्णव, कुंदन चंद्राकर, अभिषेक हर्षी चंद्राकर, पूर्व सरपंच लोकेश गंगवीर, सरपंच प्रतिनिधि कुतलाल पटेल, सेक्टर प्रभारी धर्मेन्द्र साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष ढालूराम पटेल, रामचंद्र चंद्राकर, जीवराखन पटेल, चम्पा निषाद, शिव प्रसाद पटेल, पुनूराम पटेल, जितेन्द्र चंद्राकर, चुम्मन निषाद, मुनु पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कायस्थ सभा-कायस्थ समाज में पूर्ण हुई निर्वाचन प्रक्रिया

लक्की श्रीवास्तव अध्यक्ष और शरद श्रीवास्तव सचिव चुने गये

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कायस्थ सभा कायस्थ समाज द्वारा विभिन्न पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अध्यक्ष पद पर लक्की श्रीवास्तव, सचिव पद पर शरद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष द्वय अनिल श्रीवास्तव व आनंद श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पद पर अखलेश श्रीवास्तव एवं महिला अध्यक्ष के पद पर श्रीमती प्रतिमा अवनिन्द्र लाला को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। कायस्थ सभा कायस्थ समाज के निर्वाचन अधिकारी रोहणीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि, समाज में लम्बे समय से लंबित निर्वाचन की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण की गई है। निर्वाचन हेतु सदस्यता अभियान के तहत 5 संरक्षक, 12 क्रियाशील सदस्य एवं 212 साधारण सदस्यता ग्रहण की गई। सभी पदों हेतु एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण निर्वाचन की प्रक्रिया सम्यक रूप से पूर्ण मानते हुए लक्की श्रीवास्तव को अध्यक्ष, शरद श्रीवास्तव को सचिव, अनिल श्रीवास्तव व आनंद श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, अखलेश श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष एवं श्रीमती प्रतिमा अवनिन्द्र लाला को महिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मन्दिर में संध्या आरती उपरांत स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में कृष्णा श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव व रोहणीकांत श्रीवास्तव के द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष लक्की श्रीवास्तव ने बताया कि बहुत जल्द कार्यकारिणी का विस्तार कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा। नव निर्वाचित सचिव ने कहा कि हम सब मिलकर सबके सहयोग से कायस्थ समाज को एक नई दिशा देने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं संरक्षकगण पोपटलाल श्रीवास्तव, जयनारायण श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, आइसी श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव(आदर्श किराया), संतोष श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव(जीजे प्रिंटर्स), अजय श्रीवास्तव(टेकेदार), संतोष श्रीवास्तव लाला, सुनील श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, श्रीमती इंदु बाई श्रीवास्तव, श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव, श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव, श्रीमती हेमलता श्रीवास्तव, श्रीमती प्राची श्रीवास्तव, श्रीमती रामकली श्रीवास्तव उपस्थित थे।

ग्राम तितरी में जल अर्पण दिवस का हुआ आयोजन

जल संरक्षण संदेश के साथ निकली जागरूकता रैली

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नादगाव टाइम्स)। कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम तितरी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्ण एवं हस्तांतरित जल आपूर्ति प्रणाली को ग्राम पंचायत को औपचारिक रूप से सौंपना, नल जल योजना के संचालन और संधारण में ग्राम पंचायत तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और हर घर जल योजना की उपलब्धि का उत्सव मनाना रहा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, ग्रामवासी, स्कूली बच्चे तथा पीएचई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों जैसे पानी टंकी, बोर पंप और स्विच रूम की विधिवत पूजा अर्चना कर जलबंधन किया। इसके बाद पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ जल संरक्षण के संदेशों को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान ग्रामीणों ने प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शन से एक एक बाल्टी पानी का दान किया, जिसका उपयोग पौधारोपण में किया गया। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत, जल संरक्षण और जनभागीदारी पर आधारित लोकगीतों पर नृत्य तथा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। ग्राम के पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता जांच के लिए एफटीके किट से जल परीक्षण का प्रदर्शन किया गया और ग्राम पंचायत को एफटीके किट वितरित की गई। पीएचई विभाग के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण पेयजल संचालन एवं संधारण नियम 2024 की जानकारी दी तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल सेवा आंकलन प्रक्रिया से अवगत कराया। पेयजल सेवाओं की निरंतरता, गुणवत्ता, पर्याप्त मात्रा और प्रभावी संचालन संधारण पर विशेष ध्यान देने के लिए ग्राम पंचायत और ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण और हर घर जल योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सामूहिक शपथ ली गई तथा ग्राम पंचायत तितरी को नल जल योजना से संबंधित आधिकारिक हस्तांतरण दस्तावेज सौंपे गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से योजना का स्वामित्व लेने, जलशुल्क का समय पर भुगतान करने और घरेलू नल कनेक्शनों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। नल जल योजना के सफल संचालन संधारण के लिए ग्राम पंचायत तितरी को सम्मानित किया गया। ग्राम सचिव श्री उपदेश मेरावी और पंप ऑपरेटर श्री धनसिंह मेरावी को सक्रिय भूमिका निभाने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

सामूहिक आदर्श विवाह व प्रतिभा सम्मान समारोह, समाज एवं मुख्य अतिथि की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न

जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)। कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चैकी के लिए विशेष दिन रहा इस दिन 7 जोड़ें भारतीय परंपरा एवं संस्कृति के अनुसार सामूहिक आदर्श विवाह के तहत परिणाम सूत्र में बंधे। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। स्नेह सम्मेलन के माध्यम से समाज में संगठन, भाईचारा एवं एकता को प्रगाढ़ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि के सानिध्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी कड़ी में हमारे विशेष अतिथि के रूप में माननीय श्री दिनेश गांधी जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की भी उपस्थिति रही। श्री दिनेश गांधी जी का हमारे समाज के लिए बड़ा योगदान रहा। जब से सामूहिक आदर्श विवाह समाज के द्वारा संचालित किया जा रहा है तब से सम्माननीय जी के द्वारा विशेष योगदान एवं सहयोग मिलता रहा हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विशेष अतिथि एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि विशेष अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के बिना सशक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए आप अपने बेटे बेटियों को खूब पढ़ाए, इस लायक बनाएं की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सफल हो सके। सभी ने नशा मुक्त समाज की परिकल्पना पर अपनी बात रखी गई नशाखोरी कहीं ना कहीं समाज को खोखला कर रही हैं इस वाक्य को सभी ने स्वीकारा। संगठन, एकता भाईचारे, प्रेम , करुणा , क्षमा को मनुष्य जीवन के लिए बहुत जरूरी बताया गया। आधुनिक विज्ञान को नजर अंदाज करके विकसित समाज विकसित राष्ट्र के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता, जिस देश , समाज ने विज्ञान की महत्ता को नहीं समझा है वह आगे अब तक नहीं बढ़ पाया। दरिद्रता से मुक्ति रोजगार सृजन की बातें साहित्य लेखन ,नृत्य कला चित्रकला, संस्कार, सहनशीलता शालीनता, आदि आदि छोटे-छोटे विषयों पर भी वकाओं के द्वारा अपनी बात रखी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने, ऊंचाइयों तक पहुंचने में परिश्रेत्र अंबागढ़ चैकी का विशेष योगदान रहा वहां की युवा साथियों का विशेष योगदान रहा और ग्राम बिहारी कला के माताओं का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम सामूहिक नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

नाम परिवर्तन

मैं, जमुना बाई आ. शेरसिंह जाति-हल्बा कृषक ग्राम-बड़भूम तहसील डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) जो कि मेरे भू-राजस्व के अंर्ग ग्वहि रिकार्ड में मेरा नाम जामबाई आ. शेरसिंह दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम जमुना बाई आ. शेरसिंह दर्ज किया जावे।

जमुना बाई
आ. शेरसिंह
कृषक ग्राम-बड़भूम
तहसील डोंगरगांव
जिला राजनांदगांव छ.ग.

नाम परिवर्तन

मैं, सगिता विश्वकर्मा पति श्री राम कुमार विश्वकर्मा जाति-लोहार निवासी ग्राम-घुपसाल तहसील-कुमरदा, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम संगी विश्वकर्मा दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम सगिता विश्वकर्मा पति श्री राम कुमार विश्वकर्मा दर्ज किया जावे।

सगिता विश्वकर्मा
पति श्री राम कुमार विश्वकर्मा
निवासी ग्राम घुपसाल
तह. कुमरदा,
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास राजनांदगांव (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक /23/अ.वि.अ0/ प्र-1/2026
राजनांदगांव दिनांक 09/01/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप गांधी, आ.स्व0 शोभा लाल गांधी निवासी म.नं. बी-26, सनसिटी, कंचन बाग, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव एवं अन्य द्वारा सम्बंदध चेरिटेबल ट्रस्ट- राजनांदगांव, प्रधान कार्यालय ए-5 सनसिटी, कंचन बाग, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के नाम से लोक न्यास संचालित करने हेतु छत्तीसगढ लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा /आपत्ति इस ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 09/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी ।

(गौतम चंद पाटिल)
अनुविभागीय अधिकारी
एवं पंजीयक लोक न्यास
राजनांदगांव (छ.ग.)

सील

।। आम-सूचना ।।

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं असगर सोलंकी निवासी केज़र नगर वा.31 लखोली राजनांदगांव मो. 9977939973 एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं असगर सोलंकी निवासी केज़र नगर वा.31 लखोली तहसील एवं जिला राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूँ । जो कि मेरे बहना पत्नि/वर्ति भूमि ग्राम लखोली प.ह.न 41 मोहल्ला केज़र नगर वार्ड नं 31 राजनदगाँव में भूमि ख.नं. 301/25 रकबा 0.0160 हे. प्लाट नं 17 केवकस मौके पर 30 3 55- 1650 वर्ग फुट भूमि विक्रेता श्रीमती किरण गांधी ध.प. मानिक गांधी, निवासी सदर लाईन तह. डोंगरगांव जिला राजनदगाँव छ.ग. के नाम से विक्रेता के व्दारा उक्त भूमि को मुझ केता के पास दिनांक 28-11-2025 को दो गवाहो के समक्ष विक्रय करने का सौदा कर बयाना राशि विक्रेता के व्दारा 2,00,000/- रू का चेक क्रमांक 000126 दिनांक- 28-11-2025 का प्राप्त कर लिया गया है बचत शेष रकम फरवरी 2026 में विक्रेता के व्दारा प्राप्त कर सौदा के अनुसार मुझ केता के पक्ष में विक्रय पंजीयन कराया जायेगा । उक्त सौदा जो विक्रेता श्रीमती किरण गांधी के व्दारा किया गया है जिसका पंजीकृत विक्रय पत्र फरवरी 2026 में निष्पादित किया जाना है जिस संबंध में किसी व्यक्ति, एवं शासकीय अर्द्ध शासकीय बैंक ,संस्था आदि को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति रहने-कथक या किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने का संभवहार किया गया होगा, तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के पश्चात 20 फरवरी 2026 के अंदर अपना दावा आपत्ति के लिये दस्तावेज सहित मेरे पास लेकर उपस्थित हो सकते है । समय अवधि समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा। जिस पर होने वाले समस्त परिणामों का जवाबदार उस व्यक्ति पर होगी ।

भवदीय
असगर सोलंकी निवासी
केज़र नगर वा.31 लखोली राजनांदगांव
मो. 9977939973

न्यायालय नायब तहसीलदार मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:- जिला- राजनांदगाँव तहसील- राजनांदगांव प.ह.न-00064 ईश्ता ग्राम के नायांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT2025264205122000003

ईश्तहार

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00064 के अंतर्गत ग्राम ईश्ता के वर्तमान भूमिस्वामी मुक्ता दुबे पिता/पति-स्व.आनंदी प्रसाद दुबे पता-निवासी-पीलवारा चौक, जमात पारा राजनांदगांव, विद्या दुबे पिता/पति-बी.एल.दुबे पता-हनुमान नगरदुर्ग, सरला दुबे पिता/पति-बी.एल.दुबे पता-हनुमान नगरदुर्ग के द्वारा खाति भूमि खसरा क्रमांक अधोहस्ताक्षरकर्ता के 131/20(0.4050), 159/3(0.2750), 159/4(0.0650), 281(0.0850), 285(0.0450), 602(0.1340) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता विद्या द्वेवीदेवी/पति-बी.एल.दुबे पता-हनुमान नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/बैंकी होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरूस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण के न्यायालय में पंजी किया गयीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 2 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अग्रामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/1/2026 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202601091100044

विषय:- ब-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026
तेन्दूनाला प.ह.न. 00014 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - परमानंद,
अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमानंद आ0 हुकुमराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम तेन्दूनाला पटवारी हल्का नं. 14 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने माता गणेशियाबाई की मृत्यु दिनांक 18/02/2008 को ग्राम तेन्दूनाला में होने के कारण आपने माता गणेशियाबाई का मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामाचालान क्रमांक 6623012600485 1, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 16.02.2026 को स्वंय अथवा अपने प्रधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/01/2026 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
डोंगरगांव

nandgaon times feb-10-2.qxd 2/9/2026 11:58 PM Page 3

ज्ञान मंथन

1) दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात उल्कापिंड प्रभाव क्रेटर की खोज किस देश ने की है?
2) हाल ही में 9वां अमूर फाल्कन महोत्सव किस राज्य में मनाया गया?
3) किस वायसराय के शासनकाल में दिल्ली दरबार में महारानी विक्टोरिया को कैसर-ए-हिन्द की उपाधि से सम्मानित किया गया?
4) दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम कहां शुरू की गई?
5) समाचारों में देखे गए टेनकाना जयमंगली किस प्रजाति से संबंधित है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) ऑस्ट्रेलिया (2) मणिपुर (3) लॉर्ड लिटन (4) दिल्ली (5) मकड़ी

13 विषयो पर आहुत नगर निगम की सामान्य सभा में 11 विषय सर्वसम्मति से एवं 2 विषय बहुमत के आधार पर पारित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक आज पूर्वान्ह 11:00 बजे से नगर निगम के सभागृह में प्रारंभ हुई। बैठक में 13 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया।

बैठक निर्धारत समय में राष्ट्रगीत तथा राज्य गीत के साथ प्रारंभ हुई। तत्पश्चात एक घण्टे का प्रश्नकाल हुआ, प्रश्नकाल के पश्चात क्रमानुसार विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एंव अनुमोदन विषय सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके प्रश्चात चौक चौराहा के नामकरण की कडी में पुष्प वाटिका का नाम वेद्यूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम आचार्य जी के नाम से किये जाने, डोंगरगांव रोड में ब्रम्हकुमारी प्रवेश द्वार के चौक का नाम ब्रम्हकुमारी चौक, केशन नगर स्थित चौराहे का नाम कालीबाड़ी चौक, महामाया चौक बसंतपुर का नाम संत शिरोमणी सेन जी महाराज, कौंरिनभाठा स्थित चौराहे का नाम चित्रांश चौराहा, सिंधी कालोनी वार्ड नं. 23 के संत कवरराम चौराहा से झुलेलाल घाट जाने वाले मार्ग का नाम संत बाबा आसूदाराम मार्ग, वार्ड नं. 23 सिंधी कालोनी हेमू कालाणी चौक के पास स्थित गार्डन का नाम शदाणी उद्यान एवं फहद चौक का नामा शहीद वीरनारायण सिंह चौक के नाम पर किये जाने चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें से महामाया चौक बसंतपुर का नाम संत शिरोमणी सेन जी महाराज के नाम से किये जाने संबंधित विषय में समाज द्वारा पुनः नया स्थल आशा नगर चौक व रोड का नाम सेन जी महारा के नाम से किये जाने संबंधी पत्र के आधार

पर स्थल परिवर्तन कर आशा नगर चौक व रोड का नाम संत शिरोमणी सेन जी महाराज के नाम से करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार कौंरिनभाठा स्थित चौराहे का नाम चित्रांश चौराहा किये जाने के संबंध में कायस्त समाज द्वारा जमातपारा फौव्हारा चौक का नाम चित्रांश चौराहा किये जाने की समाज द्वारा पुनः मांग पर स्थल परिवर्तन कर फौव्हारा चौक का नाम चित्रांश चौराहा करने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसी प्रकार विषय क्रं. 3 में जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने तथा विषय क्रं. 4 बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र में बाल विवाह मुक्त होने की जानकारी प्रेषित किये जाने की संबंधी विषय सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही विषय क्रं. 5 नगर निगम राजनांदगांव में स्वास्थ्य विभाग के फिल्ड अधिकारी/कर्मचारी (वार्ड प्रभारी, सफाई दरोगा, स्वच्छता निरीक्षक) को पेट्रोल भत्ता राशि 1000.00 रूपये (एक हजार रूपये) प्रदाय किये जाने संबंधी विषय में संशोधन प्रस्ताव पारित कर वार्ड प्रभारी को 5 सौ रूपये तथा सफाई दरोगा व स्वच्छता निरीक्षक को 1-1 हजार रूपये पेट्रोल भत्ता की सहमति देकर राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षको को 5 रूपये तथा सहायक राजस्व निरीक्षक व राजस्व निरीक्षक को 1-1 हजार रूपये सर्वसम्मति से तथा विषय क्रं. 6 में नगर निगम राजनांदगांव के सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ द्वारा संघ की विभिन्न गतिविधियो का संचालन हेतु 50 हजार रूपये (पचास हजार रूपये) की मांग की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गयी। इसी प्रकार विषय क्रं. 7 दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर स्थित प्रथम तल की 02 दुकाने, पुत्रीशाला व्यवसायिक परिसर की दुकान क्रं. 17 की नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गयी एवं सर्वेश्वरदास स्कूल के सामने निर्मित व्यवसायिक परिसर के दुकानो की नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति संबंधी विषय सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही विषय क्रं. 8 में नगर पालिक निगम राजनांदगांव में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत गंज चौक से कन्हारपुरी तक सड़क चौडीकरण एंव ऊपरण कार्य हेतु लागत राशि 1439.90 लाख रूपये की निविदा आमंत्रण किये जाने की स्वीकृति, विषय क्रं. 9 अधोसंरचना मद अंतर्गत शासन स्वीकृति अनुसार 350.00 लाख रूपये से नार कन्हैया नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण किये जाने हेतु जारी की गई

चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन 12 एवं 13 फरवरी को

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम हाथ (बायोनिक हाथ) उपलब्ध कराने 12 एवं 13 फरवरी को चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेडाम ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ (बायोनिक हाथ) प्रदाय किया जाएगा। जिसके अंतर्गत अस्थि बाधित दिव्यांगजनों (कोहनी से कलाई के बीच कटे हाथ वाले दिव्यांगजनों) का 12 एवं 13 फरवरी 2026 को समाज कल्याण विभाग के परिसर में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी 2026 को आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को रूंगटा इंजीनीयरिंग कॉलेज कोहका भिलाई में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदकों को उक्त रोजगार मेला में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट इन पर आवेदन किया जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही रोजगार मेला में आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी ई-रोजगार पोर्टल की वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट इन या जिला रोजगार कार्यालय बालोद के दूरभाष क्रमांक 07749-299509 से संपर्क कर प्राप्त सकते है।

केबिनेट बैठक 11 फरवरी को

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् (केबिनेट) की बैठक बुधवार, 11 फरवरी को सवेरे 11 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी।

खनिज विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अवैध तरीके से परिवहन एवं खनन करने पर 7 वाहनों को जप्त कर की गई कार्रवाई

राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनि अधिकारी सुश्री ज्योति मिश्रा ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने जांच के दौरान अवैध खनिज परिवहन करने पर 7 प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई।

बाल कलाकार नायरा रंगारी को मिला रंग झाझर चाइल्ड आर्टिस्ट सम्मान 2026

भिलाई (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री के अध्यक्ष श्री योगेश अग्रवाल ओर साथी द्वारा भिलाई मड़ई कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्म रंग झाझर अवॉर्ड समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ के सारे कलाकारों के बीच शनिवार को भव्य कार्यक्रम शहर के विधायक अतिथियों के बीच रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ इसी सम्मान समारोह में हिंदी ,छत्तीसगढ़ी ,शॉर्ट फिल्म ओर एल्बम की 12 साल की नन्ही बाल कलाकार नायरा रंगारी (पीहू) को भी इस मंच में रंग झाझर चाइल्ड अवॉर्ड 2026 से सम्मान देने अध्यक्ष योगश अग्रवाल ,फिल्म डायरेक्टर उत्तम तिवारी दुर्ग ओर सुनील सागर फिल्म डायरेक्टर बिलासपुर ओर अन्य फिल्मी कलाकारों के बीच सम्मान किया गया नायरा रंगारी की बतौर पहली फिल्म जय सीतला मईया आई ओर अभी आने वाली फिल्म में लगन डायरेक्टर धन्जू , गवन फिल्म डायरेक्टर विष्णु शर्मा के फिल्म में नजर आएगी शॉर्ट फिल्म,सरकारी विज्ञापन रामलला दर्शन योजन एवं एल्बम रानू निषाद ,चंपा निषाद के गाए हुए एल्बम गीतों में अभिनय से खुश होकर छत्तीसगढ़ी फिल्म के भीष्म पितामह श्री मोहन सुंदरानी ओर उत्तम तिवारी फिल्म डायरेक्टर ओर राजा खान ने भी आने वाली फिल्म में लेने का वादा किया है रंग झाझर अवॉर्ड सम्मान पाकर गौरवान्वित ओर खुश है इस अवसर में माता,पिता ,योगश अग्रवाल ,पवन गुप्ता ,उर्वशी साहू अनुपमा वर्मा , जे पी शर्मा,ओर आयोजन समिति रंग झाझर के सभी कलाकारों के लिए तहेदिल से नायरा रंगारी (पीहू) आभार ओर खुशी वक्त करती है ओर आने वाले वर्ष में भी अपना योगदान देने की बात कही है।

अवैध शराब परिवहन पर कबीरधाम पुलिस की सख्त कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा जिले में मादक पदार्थो एवं अवैध शराब के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी भूपत धनेश्री के पर्यवेक्षण में थाना कुण्डा पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 07.02.2026 को थाना कुण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटर सायकल में अधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर विक्रय हेतु कुण्डा की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में दो आरोपियों को पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम- 1. राकेश चंद्राकर पिता फुलचंद, उम्र 38 वर्ष, निवासी शिकारी पारा, थाना कुण्डा 2. जितेन्द्र पिता सुखीराम पारधी, उम्र 28 वर्ष, निवासी शिकारी पारा, थाना कुण्डा आरोपियों के कब्जे से एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 31 पौवा देशी प्लेन शराब की शीशियां, प्रत्येक 180 एमएल, कुल 5.580 बल्क लीटर, कीमत लगभग 2480 रुपये, तथा एक पुरानी इस्तेमाली प्लेटीना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जे क्यू 7963, कीमत लगभग 40000 रुपये, कुल जुमला कीमत 42480 रुपये को जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय में रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना कुण्डा प्रभारी निरीक्षक विमल लावनिया, प्रधान आरक्षक 386 विवेक प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक 354 भोला राम यादव, आरक्षक 866 आलोक राठौर, आरक्षक 748 जेठूराम साहू तथा सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

रैंप योजना अंतर्गत बुनकर केन्द्र लखोली में हथकरघा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों हेतु सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। केन्द्र सरकार की रैंप योजना अंतर्गत बुनकर केन्द्र लखोली में हथकरघा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों हेतु सेक्टर स्पेसिफिक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार तथा राज्य शासन की उद्यमिता प्रोत्साहन पहल के तहत सीएसआईडीसी रायपुर के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 32 महिला उद्यमी शामिल हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना था। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रतिभागियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी वर्तमान गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं चुनौतियों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर द्वारा वन-टू-वन मार्गदर्शन के माध्यम से संस्थागत

ढांचे, अनुभवों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। दूसरे दिन केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी प्रावधानों, ईडीपी प्रशिक्षण, कौशल विकास, मार्केटिंग रणनीतियों तथा उद्यम पंजीयन की आवश्यकताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस आयात-निर्यात की रणनीति, विभागीय समन्वय तथा भविष्य की मांगों के अनुरूप साड़ी, सूट, कुर्ता, सहित अन्य रेडीमेड वस्त्रों के निर्माण पर केंद्रित रहा। जिससे बुनकरों को अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सके। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र के प्रबंधक श्री प्रणय बघेल ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ, ऋण प्रणाली, सब्सिडी, वर्किंग कैपिटल एवं प्रस्तुति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। पूर्व संचालित ईडीपी लीप बैच के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर पारूल पाण्डेय, डिविजनल समन्वयक श्री लोकेश सिन्हा एवं श्री तुषार साहू की सक्रिय भूमिका रही। समापन अवसर पर चॉइस कंसलेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

धर्म समाचार....

विजया एकादशी पर महासंयोग! इन राशियों के लिए खुलेंगे किस्मत

वैदिक पंचांग के अनुसार, शुक्रवार 13 फरवरी को विजया एकादशी है। यह पर्व हर साल फाल्गुन महीने में शिवरात्रि से पहले मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। साथ ही मनचाही मुराद पाने के लिए एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक के जीवन में शुभ और मंगल का आगमन होता है। साथ ही जाने-अनजाने में किए गए समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।

ज्योतिषियों की मानें तो विजया एकादशी से एक दिन पहले मन के कारक चंद्र देव अपनी चाल बदलेंगे। सोम देव के चाल बदलने से कई राशि के जातकों को फायदा होगा। इन राशियों के जीवन में खुशियां दस्तक देंगी। साथ ही शुभ कामों में सफलता मिलेगी। आइए, इन राशियों के बारे में जानते हैं-

वृश्चिक राशि के जातकों को

विजया एकादशी के दिन सभी प्रकार के अधूरे और अटके काम में सफलता मिल सकती है। किसी मनोकामना के पूर्ण होने से मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार संबंधी परेशानी दूर हो सकती है। अटका पैसा मिलने से विषय विशेष की परेशानी दूर होगी। गिले-शिकवे दूर होंगे। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। शुभ कामों में सफलता मिल सकती है। आय के नवीन साधन बनेंगे। विजया एकादशी पर भक्ति भाव से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय उन्हें चावल की बनी खीर अर्पित करें। विजया एकादशी के दिन कुंभ राशि के जातकों की भी किस्मत चमक सकती है। कुंभ राशि के जातक को करियर और कारोबार संबंधी कोई बड़ी गुड न्यूज मिल सकती है। धन संबंधी परेशानी दूर हो सकती है। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। किसी भी प्रकार के निवेश का आपको लाभ मिलेगा। कारोबार में तेजी आएगी। किसी अपने से मदद मिल सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। तनाव और चिंता से मुक्ति मिलेगी। विजया एकादशी के दिन विधिवत लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय लक्ष्मी नारायण जी को श्रीफल अर्पित करें। साथ ही पूजा के समय इन मंत्रों का जप करें।

मंत्र

? नमो: नारायणाय नम:।

? नमो: भगवते वासुदेवाय नम:।

? ह्रीं ह्रीं श्री लक्ष्मी वासुदेवाय नम:

ऊँ श्रीं क्लीं महालक्ष्मी महालक्ष्मी एह्येहि सर्व सौभाग्यं देहि मे स्वाहा।।

ऊँ ह्रीं श्री क्रीं क्लीं श्री लक्ष्मी मम गृहे धन पूरये, धन पूरये, चिंताएं दूरये-दूरये स्वाहा:।

फाल्गुन महीने में कब है रोहिणी व्रत? नोट करें सही तिथि एवं शुभ मुहूर्त

रोहिणी व्रत भगवान वासुपूज्य स्वामी को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर जैन धर्म के अनुयायी भक्ति भाव से भगवान वासुपूज्य की पूजा करते हैं। वहीं, जैन मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। रोहिणी व्रत के दिन विवाहित महिलाएं और अविवाहित लड़कियां व्रत रखती हैं। इस व्रत को करने से साधक पर भगवान वासुपूज्य स्वामी की कृपा बरसती है। उनकी कृपा से हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

रोहिणी व्रत शुभ मुहूर्त- हिन्दू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि यानी 25 फरवरी को रोहिणी व्रत मनाया जाएगा। इस शुभ तिथि पर रोहिणी नक्षत्र का संयोग दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक है। साधक सुविधा अनुसार समय पर परमपूज्य भगवान वासु स्वामी की पूजा कर सकते हैं। फाल्गुन माह के रोहिणी व्रत पर सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का संयोग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन भर है। वहीं, रवि योग रात भर है। इन योग में भगवान वासु स्वामी की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। साथ ही मनचाहा वरदान मिलेगा। इसके साथ ही रोहिणी व्रत पर शिववास योग का भी संयोग है। इस तिथि पर महादेव कैलाश पर मां पार्वती के साथ विराजमान रहेंगे।

पूजा विधि- साधक फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की नवनमी तिथि के दिन ब्रह्म बेला में उठें। इसके बाद घर की साफ-सफाई करें। अब नित्य कर्मों से निवृत्त होकर गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें और आचमन कर व्रत का संकल्प लें। इसके बाद नए कपड़े पहनें और सूर्य देव को जल का अर्घ्य दें। अब पंचोपचार कर भक्ति भाव से भगवान वासुपूज्य स्वामी की पूजा करें। भगवान वासुपूज्य स्वामी को फल, फूल आदि चीजें अर्पित करें। अंत में आरती कर सुख और समृद्धि की कामना करें।===

nandgaon times feb-10-2.qxd 2/9/2026 11:58 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से मधु चौक में अधूरा निर्माण कार्य

धूल-मिट्टी से व्यापारी परेशान, बरगद का पेड़ भी अधूरा काटा गया - जनता में आक्रोश

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। नगर के मधु चौक क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (क्ब्ड्ढ) की लापरवाही और ठेकेदार की निष्क्रियता ने नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़क निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन कई दिनों से अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे सड़क पर यातायात बाधित है और धूल-मिट्टी ने पूरे क्षेत्र को ढक लिया है। व्यापारी वर्ग ने बताया कि पिछले कई दिनों से सड़क की खुदाई और अधूरे काम के कारण बाजार में धूल का साम्राज्य है। दुकानों में ग्राहक बैठना तो दूर, सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। दुकानदार दिनभर सफाई करने के बावजूद धूल से राहत नहीं पा रहे।

लोगों का कहना है कि या तो विभाग ठेकेदार को भुगतान नहीं कर पा रहा है, या ठेकेदार को भुगतान मिल जाने के बाद भी उसने काम रोक दिया है। दोनों ही स्थितियों में आम जनता ही परेशान है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि मधु चौक के पास स्थित बरगद का वर्षों पुराना पेड़, जो चौक की पहचान था, उसे आधा काटकर अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे पेड़ सूखने की स्थिति में पहुंच गया है। नागरिकों का कहना है कि यह न केवल पर्यावरणीय लापरवाही है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत के प्रति असंवेदनशीलता भी दर्शाता है। एक जागरूक नागरिक उमेश कुमार सेन ने कहा- यह जनता के धन और हित दोनों से खिलवाड़ है। विभाग को चाहिए कि तत्काल अधूरा कार्य पूरा कराए, बरगद पेड़ का संरक्षण करे और धूल-मिट्टी की सफाई सुनिश्चित करे। यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो नागरिक सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराएंगे। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि तुरंत निरीक्षण कर दोषी ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराई जाए।

अजय मंडल के नेतृत्व में जिला क्रिकेट एसोसिएशन का आज से क्वार्टर फाइनल मुकाबला

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दिग्विजय स्टेडियम में खेली जा रही अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (सीनियर) में तीन दिवसीय क्वार्टर फाइनल मैच में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव का मुकाबला आज से जिला क्रिकेट एसोसिएशन जशपुर के मध्य खेला जावेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव एवं जशपुर की टीमों ने अपने पहले पहले मैच बड़े अंतर से जीता था । दोनों ही टीमों के एक-एक बोनस प्वाइंट सहित सात-सात अंक है इस क्वार्टर फाइनल मैच में जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम में प्रदेश की तरफसे आईपीएल में चयनित एवं रणजी खिलाड़ी अजय मंडल भी शामिल हुए हैं। टीम के अन्य खिलाड़ी हैं रोहन टांक (कप्तान), आरिन द्विवेदी, अर्शदीप भाटिया, वैदिक मदुकर, उपेंद्र मरकाम, लकी प्रजापति, युक्तिज्ञ प्रसाद वर्मा, बालाजी राव (विकेटकीपर) कुणाल साहू,तीर्थ राठौर,श्रेयांश शिंडेकर, समरवीर भाटिया, नीतीश यादव, निकेश साहू, अब्राहम अमोली । टीम के कोच है गोपाल राव, असिस्टेंट कोच कम मैनेजर नमन अग्रवाल हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ श्रीमती मधु वर्मा का अपना घर का सपना

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक-3 मोतीपुर में निवासरत श्रीमती मधु वर्मा ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का साहस दिखाया। पति के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। दो बेटियों के पालन-पोषण के लिए वे एक निजी स्कूल में रसोइये के रूप में कार्य करते हुए परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। किराए के मकान में रहने के दौरान आर्थिक तंगी उनके जीवन का हिस्सा रही। श्रीमती मधु बताती हैं कि स्कूल में छुट्टी के दिनों में आय कम हो जाती थी, जिससे किराया देने की चिंता बनी रहती थी। उन्हें हमेशा यह डर बना रहता था कि कहीं समय पर किराया न देने पर मकान मालिक घर खाली करने के लिए न कह दे। ऐसे हालात में वे अक्सर अपने सपनों के घर की कल्पना ही कर पाती थीं। इस बीच उनकी बड़ी बेटी सुजाता एक निजी कंपनी में रिसेप्शनिस्ट के रूप में कार्यरत हुई। मां-बेटी ने मिलकर थोड़े-थोड़े पैसे बचाए और एक छोटा सा भूखंड खरीदा। श्रीमती मधु वर्मा ने बताया कि जमीन लेने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आवेदन किया। कुछ ही दिनों में उनके आवास निर्माण की स्वीकृति मिल गई। स्वीकृति मिलने के बाद पूरे परिवार ने उत्साह के साथ अपने सपनों का घर बनाने की शुरूआत की। वास्तुविद के कुशल मार्गदर्शन में जल्द ही एक सुंदर, सर्वसुविधायुक्त और आकर्षक घर का निर्माण पूरा हो गया। आज श्रीमती मधु वर्मा ने बताया कि वे टाइल्स से सजे अपने पक्के घर में रहते हुए गर्व और संतोष का अनुभव करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है। अपने सपनों का घर मिलने पर वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया है।

तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन का समापन , भक्तों की भारी भीड़ रही

तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)। समीपस्थ ग्राम बांकल (स्टेशन) में 6 फरवरी से 8 फरवरी तक तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें आज अंतिम दिन बांकल सहित आसपास गांव के सैकड़ों भक्तों की भीड़ सत्संग को सुनने पहुंची थी, जिसमें पाटेश्वर धाम के संचालक श्री राम बालक दास जी महात्यागी श्री बाल योगेश्वर जी ने हिंदुत्व, गौ माता, धर्मान्तरण की साजिश रचने वालों, बरगलाने वाले लोगों से सावधान रहने, आहार, विहार और विचार को शुद्ध रखने, बच्चों को संस्कार कैसे दें, चरण स्पर्श का महत्व, सहित महत्वपूर्ण विषयों को बारी बारी से सत्संग के माध्यम से समझाने का प्रयास किया और जीवन में उतारने की बात भी कही। आज अंतिम दिन सत्संग समाप्ति के बाद पूजा आरती की गई, अतिथियों का स्वागत अभिनंदन सम्मान किया गया, शाम को भोजन प्रसादी भंडारा रखा गया। फोटोग्राफी के लिए शुभम सिन्हा (फोटोग्राफर) ने फोटोग्राफी की।

हाई स्कूल मोहड़ में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय हाई स्कूल मोहड़, राजनांदगांव में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम ज्परीक्षा पे चर्चाज् का सजीव प्रसारण स्मार्ट क्लास के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफउपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री जी द्वारा परीक्षा को तनावमुक्त होकर देने, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा नियमित अध्ययन से सफलता प्राप्त करने जैसे महत्वपूर्ण टिप्स, सुझाव और ट्विस्स को ध्यानपूर्वक सुना एवं देखा। इस दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं और परीक्षा के भय को दूर करने में सहायक होते हैं। स्टाफसदस्यों ने भी इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

युवाओं के लिए सुनहरा अवसर: माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 का आयोजन

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए ज्माय भारत बजट क्वेस्ट 2026ज् नामक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 की जानकारी देना, उनकी वैचारिक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना है।

यह कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में जिला स्तर पर माय भारत पोर्टल के माध्यम से केंद्रीय बजट 2026 पर आधारित ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। द्वितीय चरण में चयनित प्रतिभागियों के लिए 8 निर्धारित विषयों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह है कि दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ ज्सीधा संवादज् करने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त होगा। इस संबंध में जिला युवा अधिकारी राजनांदगाँव ने जिलों के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व की पहल में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से भी छात्रों एवं युवाओं को इस कार्यक्रम हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया है। ज्यह कार्यक्रम युवाओं को देश की आर्थिक नीतियों को समझने और माननीय प्रधानमंत्री से सीधे संवाद का प्रेरणादायक अवसर प्रदान करता है।

ग्राम खैरा में गूंजेगी श्री राम की महिमा: 12 फरवरी को सजेगा एक दिवसीय भव्य रामकथा सम्मेलन

राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)। समीपस्थ ग्राम खैरा (कन्हारपुरी) में अध्यात्म और भक्ति की अविरल धारा बहने वाली है। आदर्श मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 12 फरवरी 2026, दिन गुरुवार को एक दिवसीय भव्य रामकथा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है और तैयारियां जोरों पर हैं।

कार्यक्रम का स्वरूप

आयोजन समिति ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्रात: 10.00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। इसके पश्चात दिनभर ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों द्वारा श्रीराम चरित मानस के प्रसंगों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम सत्र (प्रात: 11.00 से दोपहर 02.00 बजे) जय परमेश्वरी बालिका मानस परिवार (कोटेरा, डौण्डीलोहारा) द्वारा मानस पाठ किया जाएगा। द्वितीय सत्र (दोपहर 03.00 से संध्या 06.00 बजे) जय मां शीतला मानस परिवार (भोथली, आरंग) अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे। समापन सत्र (संध्या 06.00 से रात्रि 09.00 बजे) रामनाम दीप मानस परिवार (चिंदवी, डोंगरगढ़) के मानस गान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा।

भक्तिमय आयोजन में शामिल होने की अपील

ग्राम के प्रतिनिधि गणेश साहू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्राम में सुख-शांति और धार्मिक जागरूकता लाना है। आदर्श मानस परिवार और खैरा के समस्त ग्रामवासियों ने धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रभु श्री राम की महिमा का श्रवण करें और पुण्य के सहभागी बनें।

जिला साहू संघ राजनांदगांव अध्यक्ष पद हेतु टोमन साहू बने समाज की पहली पसंद

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला साहू संघ राजनांदगांव के आगामी अध्यक्ष पद के लिए समाज के शिक्षित, मृदुभाषी एवं कर्मठ समाजसेवी श्री टोमन साहू का नाम तेजी से चर्चा में है। संगठनात्मक अनुभव, सामाजिक प्रतिबद्धता और सेवा भाव के कारण समाज के विभिन्न वर्गों में उन्हें व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है। समाज के लिए निरंतर कार्यरत टोमन साहू को अध्यक्ष पद हेतु एक सशक्त एवं सर्वमान्य दावेदार माना जा रहा है।

शिक्षा, संस्कार और सरल व्यक्तित्व

06 अक्टूबर 1973 को जन्मे टोमन साहू साहू (तेली) समाज से हैं। उन्होंने वाणिज्य संकाय में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। उनके पिता स्वर्गीय श्री संतोषदास साहू समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व रहे हैं। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती देवकी साहू शिक्षिका हैं, जो सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। टोमन साहू वर्तमान में कृषि एवं बोरवेल्स खनन व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।

प्रशासनिक उपलब्धियों से बढ़ाया समाज का मान

टोमन साहू के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ग्राम पंचायत अमलीडीह ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके कार्यकाल में पंचायत को मुख्यमंत्री द्वारा प्रथम संपूर्ण बीमा पंचायत, पूर्ण ओडीएफ पंचायत तथा कुपोषण मुक्त पंचायत जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ पंचायत एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी, रायपुर द्वारा पूर्ण विद्युतीकृत पंचायत का पुरस्कार भी पंचायत को प्राप्त हुआ।

लंबा संगठनात्मक अनुभव, मजबूत नेतृत्व

टोमन साहू ने साहू समाज के विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे पूर्व जनपद सदस्य डोंगरगाँव पूर्व में तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ डोंगरगांव के संयोजक, परिक्षेत्र साहू समाज अमलीडीह के अध्यक्ष, जिला साहू समाज राजनांदगांव के किसान प्रकोष्ठ के संयोजक तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर के प्रचार सचिव रह चुके हैं। इसके अलावा वे जिला युवा प्रकोष्ठ साहू संघ राजनांदगांव के उपाध्यक्ष एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर के पूर्व संयुक्त सचिव के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

समाज को एकजुट करने की सोच

समाजजनों का कहना है कि टोमन साहू का व्यवहार मृदुभाषी, निर्णय क्षमता संतुलित एवं कार्यशैली पारदर्शी है। वे समाज को संगठित कर शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता एवं राजनीतिक सहभागिता को मजबूत करने की स्पष्ट सोच रखते हैं। इसी कारण उन्हें जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष पद के लिए समाज की पहली पसंद माना जा रहा है।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेबीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

GSTIN - 22CFIPS4139B1Z1
अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SAHU
8103343687 7974188831
9685679679
पता - करहद पीक, बाई पास रोड, रेवाडीह, राजनांदगांव (छ.ग.)

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com